सीतापुर। 4 अप्रैल प्रख्यात समाजवादी चिंतक गांधी- लोहिया, राज नारायण, श्रद्धेय मुलायम सिंह जी के अभिन्न सहयोगी, चंद्रभानु गुप्त के लोकतंत्र के सपनों को आजीवन साकार करने वाले जमीनी जन सेवक एवं जनप्रिय नेता भगवती सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि धूमधाम के साथ चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में मनायी गयी। महाविद्यालय के समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदोरिया ने बताया कि बाबू भगवती सिंह की पुण्यतिथि पर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज में स्थित भगवती चौक पर हवन पूजन विद्यालय के प्रबंधक एनके सिंह के द्वारा किया गया तथा बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में उनकी प्रतिमा पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक बाजपेई, पन्नालाल गुप्ता एवं डॉ के के शुक्ला एवं उनके सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय मे प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह एवं अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों एवं समाजसेवियों ने उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ कृषि महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने भजन के माध्यम से बाबू भगवती सिंह जी को याद किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि बाबू भगवती सिंह बक्शी का तालाब में तहसील बनाने से लेकर महोना बीकेटी विधानसभा की हर मुख्य सड़क उनके आंदोलन की गवाही देती है मां चंद्रिका देवी स्थल, ऐतिहासिक बक्शी का तालाब का पर्यटन स्थल के रूप में विकास तथा चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय बक्शी का तालाब एवं अनेक विद्यालयों के भवन गोमती नदी पर दर्जनों पुल छठा मील पर दूध मंडी तथा एक दर्जन से अधिक विद्युत सब स्टेशनों की स्थापना उन्हीं के द्वारा हुई है बहुत सारे स्मरणों उनके आज भी जीवंत रूप में दिखाई पड़ते हैं। श्रद्धेय बाबू जी हम लोगों के बीच में सदैव विद्यमान रहेंगे। दृष्टि सामाजिक संस्थान, लखनऊ में दृष्टिहीन मूकबधिर एवं अनाथ बच्चों को भोजन कराया जाएगा। श्रद्धेय भगवती सिंह जी की पुण्यतिथि पर निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक गोमती यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी जय सिंह जयंत, शैलेंद्र सिंह विदेशपाल यादव देवी बख्स सिंह, सुनील भदोरिया, प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी दिनेश सिंह, अजय रावत विधानसभा अध्यक्ष तथा अजय रतन सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य आर पी सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह दिनेश कुमार सिंह सहित बाबूजी के अनुयायियों ने हिस्सा लिया। मंच का संचालन महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया।सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा ने किया।

सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, धारा 144 के चलते पुलिस ने रोका

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। जनपद सीतापुर के महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध किया पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास से निकले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। यह विरोध करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई टिप्पणी के खिलाफ था करणी सेना ने राणा सांगा पर अखिलेश यादव की टिप्पणी का विरोध करते हुए उनके खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था

इससे सपा कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हुआ जुम्मे की नमाज के कारण जिले में धारा 144 लागू थी एसडीएम और सीओ पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति कोई प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे सपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि करणी सेना के सदस्यों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन जारी रहेगा पुलिस मामले की जांच कर रही है दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी!!

मौत के बाद शिक्षक को आवंटित हुआ विद्यालय, जनपद में बना चर्चा का विषय, समूचा शिक्षक परिवार गमगीन

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्तीजिले के कप्तानगंज विकासखंड में शिक्षक की मौत के बाद शिक्षक को विद्यालय आवन्टित होने के लेकर जनपद में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बेसिक शिक्षा का समूचा जनपदीय महकमा लाख कोशिश करने के बाद भी अरोपी शिक्षक का कोई आरोप नही सिद्ध कर पाया फिर भी शिक्षक को कई महीनो तक निलम्बित कर प्रताड़ित करता रहा और अन्त में शिक्षक की मौत के बाद शिक्षक को विद्यालय आवंटित कर उसके दिवंगत आत्मा से खिलवाड़ व भद्दा मजाक करने मे बेसिक शिक्षा विभाग ने कोई कोर कसर नही छोड़ा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्गीय अखिलेश कुमार मिश्र विकास खण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत स्थित प्रथामिक विद्यालय कल्याणपुर में

प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे जिन्हें बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती और उनके वसूली कार्यकर्ताओं ने मिलकर साज़िशन कपोलकल्पित आरोप लगाकर विगत 22 नवम्बर 2024 को निलम्बित कर दिया था तभी से श्री मिश्र अस्वस्थ चल रहे थे जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा था वहीं पर आज दिनांक 03 अप्रैल 2025 को स्वर्गवास हो गया। प्रकरण में जांच अधिकारी नामित कर जांच करायी गयी परन्तु आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कोई भी आरोप पुष्टित नही हो पाया जिसके कारण बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित उनका निलंबन आदेश खुद सवालो के घेरे में है। प्रश्नगत प्रकरण को लेकर लोग यहाँ तक कहने से नही चूक रहे है कि जब प्रकरण में नामित जांच अधिकारी / खण्ड शिक्षा अधिकारी को जांच मे शिक्षक दोषी नही पाया गया तो आखिर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किन अरोपो के चलते दिवंगत शिक्षक को नम्बर 2024 से मार्च 2025 तक निलंबित रखा और शिक्षक के मौत की खबर जब पूरे जनपद में आग की तरह फैलने लगी तो अपने भ्रष्टाचार व कारनामों को छिपाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी व लुटेरे कार्यकर्ताओं द्वारा समय पूर्व बहाली आदेश जारी करते हुए आनन-फानन में मौत के बाद विद्यालय आवंटन आदेश भी जारी कर दिया गया जिसको लेकर पूरे जनपद में बेसिक शिक्षा अधिकारी के कारनामों की किरकिरी मची हुई है।

कोतवाली पुलिस ने तीन वांछित वारंटियों को गिरिफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

मिश्रित सीतापुर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वांछित / वारंटी गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह, निरीक्षक अपराध अखिलेश कुमार यादव, उप निरीक्षक नयन सिंह, उप निरीक्षक राजेश निषाद, हे. कां. संतराम, कां. संजीव कुमार, कां. विकास, कां. जानेंद्र सिंह, कां. अमित यादव, कां. अजमेर सिंह, कां. उमेश रजक ने धारा 109(1) 3(5)6 (2) 352 / 351 (3) वीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त राम सिंह यादव उर्फ बंधु पुत्र मूलचंद निवासी शिशिर नगर थाना महोली को नहर पुलिया से 50 मीटर दूरी पर पटरी के किनारे ग्राम प्रीतमपुर ग्रंट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूंछतांछ के दौरान बताया कि सहंसापुर के रहने वाले हर्षित उर्फ अंकित शुक्ला पुत्र शिव शंकर शुक्ला की प्रधानी तथा पूर्व में उनके भाई के मर्डर की रंजिश हरदोइया प्रधान प्रतिनिधि बबलू उर्फ आदित्य शुक्ला से चल रही थी। इस लिए उनको जान से करने का षड्यंत्र रचा था। इस षड्यंत्र के तहत राम सिंह यादव उर्फ बंधु द्वारा सह अभियुक्त अमरीश कुमार पुत्र गोपीचंद शुक्ला निवासी ढफरापुर तथा भैया लाल निवासी प्रीतमपुर ग्रंट के साथ मिलकर अल्लू दीक्षित उर्फ रमेश चंद्र की डीसीएम संख्या यूपी 34 सी टी 6898 से हरदोइया प्रधान प्रतिनिधि उर्फ आदित्य शुक्ला को जान से मारने की नियत से प्रहार किया था। परंतु उन्होंने अपना हाथ आगे कर दिया। जिससे उनका हाथ टूट गया और वह मौके से भागने में सफल रहे। तभी भैया लाल ने पीछे से तमंचे से फायर कर दिया अभियुक्त अमरीश कुमार को ग्राम ढफरापुर में गन्ने के खेत से गिरफ्तार किया गया। उनकी निशान देही पर घटनास्थल के पास से लोहे की राड बरामद की गई है। वहीं हर्षित उर्फ अंकित शुक्ला को नहर चौराहा से गिरफ्तार कर तीनों अभिक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की गई हैं। वहीं फायर करने वाले भैयालाल की तलास पुलिस व्दारा की जा रही है।

रिटायर शिक्षक सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव समारोह का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

रामपुर मथुरा, सीतापुर कंपोजिट विद्यालय अखरी में सेवा दे रहे श्री विनोद कुमार यादव शिक्षक का 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हो गए थे। सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार यादव का सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव समारोह को आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह वर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।मंच का संचालन संदीप कुमार के द्वारा किया गया।और इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना,नाटक जैसे अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंकिता मैम,सहायक अध्यापक अजय कुमार सक्सेना और अनुदेशक जयकरन लाल वर्मा के सहयोग से खंड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल के कर कमलो द्वारा स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छा, अंग वस्त्र और धार्मिक पुस्तक देकर सेवानिवृत्ति हुये शिक्षक विनोद कुमार यादव को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिवार और आये हुए सभी अतिथि शिक्षक भावुक होकर नम आँखों से विदाई दिया। शिक्षा के क्षेत्र में कंपोजिट विद्यालय अखरी में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक विनोद कुमार यादव के द्वारा अपने दैनिक जीवन मे शिक्षण कार्य करने में बहुत अच्छी तरीके से नियमों का पालन करते हुए शिक्षण कार्य बड़ी लगन के साथ खूब निभाया।निर्वतमान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंकिता ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यालय परिवार के प्रति कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा जितनी की जाए उतनी ही कम है उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित शिक्षकों को उनके कार्यो से सीख लेने की सलाह दिया।खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल ने संबोधित करते हुए और कहा कि ऐसे सेवानिवृत्त शिक्षक अपने अनुभव को साझा करते रहें ताकि शिक्षा क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन मिलता रहे।सेवानिवृत्त शिक्षक के स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षकों का सहयोग शिक्षा विभाग को मिलता रहना चाहिए, क्योंकि उनके अनुभव को विभाग को हमेशा आवश्यकता रहेगी।सहायक अध्यापक अजय कुमार सक्सेना ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते। वे हमेशा समाज को दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने अपने जीवन के अनमोल पल समाज को एक नया आईना देने का काम किया है।विद्यालय के सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले और कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को अंकतालिका और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।और स्कूल चलो अभियान बैनर तले नवीन नामांकन की शुरुआत भी की गई।इस कार्यक्रम में सुमन देवी, संगीता वर्मा, मो0एहसान, विनयवर्मा, अखिलेन्द्र प्रताप सिंह,सुंदर लाल ,सुनीता मिश्रा,पंकज वर्मा,पंकज मिश्रा, जंग बहादुर यादव,स्वेत निशा कुमार,अंकित सहाय, मंजरी सिंह,श्री राम चौहान, विनोद कुमार ,अशीष वर्मा ,अनामिका ,सहित कई अन्य परिषदीय विद्यालयो के शिक्षक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वक्फ बिल के बाद सीतापुर में कड़ी सुरक्षा, जुमे की नमाज़ पर पुलिस अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। वक्फ संशोधन बिल के संसद में पारित होने के बाद सीतापुर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है मुस्लिम बहुल इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है पुलिस ने पुराने सीतापुर क्षेत्र में फ्लैगमार्च किया स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है डीएम और एसपी ने कहा कि कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी पुलिस की साइबर टीम सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाहों पर नजर रख रही है। गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है डीएम अभिषेक आनंद ने कहा कि जिले में शांति बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है!!

सीतापुर में दंगा नियंत्रण की तैयारी, आंसू गैस और रबर बुलेट के साथ मॉकड्रिल

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर! जनपद सीतापुर में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स में दंगा नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। परेड ग्राउंड में प्रतिसार निरीक्षक और उनकी टीम ने दंगाइयों पर काबू पाने के तरीकों का प्रदर्शन किया पुलिस बल को आंसू गैस, पायलट गन, रबर बुलेट गन और एंटी राइट गन का प्रशिक्षण दिया गया सभी हथियारों की फायरिंग का अभ्यास कराया गया। इससे आपात स्थिति में इन हथियारों का

प्रभावी इस्तेमाल सुनिश्चित होगा अधिकारियों ने पुलिस बल को निर्देश दिए कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ न्यूनतम बल का प्रयोग करें साथ ही सख्त कार्रवाई भी करें उन्होंने पुलिसकर्मियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने दंगा नियंत्रण उपकरणों को हमेशा सक्रिय रखने पर जोर दिया मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की तत्परता, अनुशासन और संकट प्रबंधन क्षमता को बढ़ाना था इससे जिले में कानून-व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाए रखा जा सकेगा!!

250 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई ड्रोन से निगरानी वक्फ बोर्ड बिल का विरोध, सोशल मीडिया पर पुलिस की नज

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर में वक्फ बोर्ड बिल के विरोध को देखते हुए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जिले के विभिन्न थानों में 250 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र में 100 और तंबौर थाने में 60 समेत कुल 250 लोगों को पाबंद किया गया इन सभी लोगों ने मजिस्ट्रेट के सामने जमानत कराई वे पुलिस की निगरानी में रहे ईद के दौरान कुछ लोगों ने काली पट्टी बांधकर विरोध किया था इसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है एसपी ने बताया कि पुलिस जमीनी स्तर पर सतर्क है सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है किसी भी अफवाह या भड़काऊ सामग्री को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया है!!

पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार से लहरपुर पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात दी सांत्वना

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हुई नृशंस हत्या के चलते लहरपुर पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को मृतक पत्रकार के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा की, लहरपुर के सभी पत्रकार आपके साथ हैं, घटना की निष्पक्ष जाँच कराये जाने की मांग के साथ साथ परिजनों को

आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाए जाने के लिए संघर्षरत हैं। इस मौके पर पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता महेंद्र बाजपेई को 27500 रुपए भेंट किये और कहा कि इस दुख की घड़ी में लहरपुर क्षेत्र के सभी पत्रकार आपके साथ बराबर के भागीदार हैं।, प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से ज्ञानेंद्र पांडे, अभिनव त्रिवेदी, रवि शाक्य, अंकित अवस्थी, वीरेश तिवारी शामिल थे। ज्ञातव्य है कि लहरपुर के पत्रकारों के द्वारा राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड के विरोध में दो बार प्रदर्शन कर घटना के शीघ्र खुलासे के लिए ज्ञापन देकर मांग की गई थी जिसमें क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने प्रतिभाग किया था।

संक्षिप्त ख़बरें

आग के चपेट में आने से गेहूं की फसल जलकर राख

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी में शुक्रवार को आग की चपेट में आने से आधा एकड गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सैकडों ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पम्पिंग सेट लगाकर आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कुछ गजेडी़ जमुहानी गांव से दक्षिण एक झोपड़ी में बैठकर गाजा पीने के बाद आग बुझाकर चले गए। पछुआ हवा से निकली चिंगारी से झोंपड़ी में आग लग गई। झोपडी की आग से खेदू के गेहूं में आग लग गई। देखते ही देखते आग की चपेट में आकर खेदू का आधा एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पर प्रवीण पाण्डेय, आकाश यादव, बाढू यादव, अशोक मिश्रा समेत सैकडों ग्रामीण इकट्ठा होकर पम्पिंग सेट लगाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गोरखपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। थाना बेलघाट पुलिस ने संगठित अपराधों पर लगाम कसते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में और थानाध्यक्ष बेलघाट विकासनाथ के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रतन लाल चौहान पुत्र मोती लाल चौहान निवासी ग्राम पिड़िया, थाना बांसगाँव, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। अभियुक्त के खिलाफ थाना खजनी में मु0अ0सं0 441/2024 धारा 2(ङ्क)(द्व), 2(ङ्क)(×द्व), 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपराधी का लंबा आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार अभियुक्त रतन लाल चौहान के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें धोखाधड़ी से नकली सोना बेचने, मारपीट, हत्या के प्रयास, आपराधिक षड्यंत्र और जालसाजी जैसी धाराएं शामिल हैं। अभियुक्त पर दर्ज प्रमुख मुकदमे-. मु0अ0सं0 441/2024 ङ्क गैंगस्टर एक्ट, थाना खजनी मु0अ0सं0 316/2023 धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र, थाना खजनी, मु0अ0सं0 85/2016 - हत्या का प्रयास का मामला दर्ज है।

बिठूर पुलिस ने आईपीएल में सट्टेबाजी करने वाले दस को पकड़ा

कानपुर। थाना बिठूर पुलिस व सर्विलांस सेल सेन्ट्रल जोन 04.04.2025 को आइपीएल में सट्टा लगाकर खेल रहे 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना बिठूर में मु0अ0स0-0100/2025 धारा 184(4) बीएनएस व 3/4 जुआ अधि0 मे पंजीकृत किया गया, जिनके कब्जे से 1661500 कैश, 13 अदद एन्ड्राइड टच स्क्रीन मोबाइल, 11 अदद कीपैड मोबाइल व 01 अदद लैपटाप व 1 कैलकुलेटर, 05 अदद चेकबुक, 06 अदद पासबुक, 01 अदद वीजा प्लैटिनम कार्ड, 01 अदद पासपोर्ट, 05 अदद नोटबुक, 06 अदद रजिस्ट्री पेपर बरामद किया गया। अपराधियों के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत काम कर रही कानपुर पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही की क्षेत्र की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस उपायुक्त पश्चिम आरती सिंह द्वारा 25,000/- रूपए की धनराशि से पुरूष्कृत किया गया।

योगी सरकार की पहल से रोशन हुआ वनटांगिया गांव

स्वतंत्र प्रभात

बृजभूषण तिवारी

गोण्डा। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि उसकी प्राथमिकता गांव, गरीब और वंचित हैं। गोण्डा जिले के छपिया ब्लॉक स्थित मनीपुर ग्रांट वनटांगिया गांव में पहली बार बिजली पहुंचने का सपना अब साकार हुआ है। योगी सरकार की नीतियों और निर्णयों के चलते इस सुदूर वनवासी गांव में भी अब विकास की रोशनी पहुंच चुकी है। वर्षों तक अंधेरे में रहने वाले करीब 80 लोगों की आबादी वाले इस गांव में अब रोशनी की नई किरण दिखाई देने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की योजनाओं ने इस बदलाव को संभव बनाया है।

2018 में हुई थी बदलाव की शुरुआत

आजादी के बाद से अंधेरे में डूबे इस गांव में बदलाव की शुरुआत 2018 में हुई, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया गांवों के विकास के लिए विशेष पहल की। पहले चरण में सोलर लाइट्स लगाई गईं, जिससे ग्रामीणों को रात के अंधेरे से कुछ राहत मिली। अब विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

शिविर में होंगे बिजली कनेक्शन वितरित- शनिवार को गांव में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें औपचारिक रूप से ग्रामीणों को बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। इससे न केवल घरों में रोशनी आएगी, बल्कि गांव विकास की मुख्यधारा से भी जुड़ सकेगा।

सरकारी योजनाओं से मिली मजबूती

सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ अब ग्रामीणों को मिलने लगा है।गांव के बुजुर्ग संतराम कहते हैं, "हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे गांव तक बिजली पहुंचेगी। अब जिंदगी में रोशनी आई है।" संजय, जिन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिला है, ने कहा, "अब बच्चों की पढ़ाई भी ठीक से हो पाएगी, और हमें छत टपकने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।" राम कृपाल ने इसे एक ऐतिहासिक बदलाव बताया।

योगी सरकार के विज़न से बदला भविष्य



बिजली आने से ग्रामीणों को न सिर्फ रोजमर्रा की सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। मोबाइल चार्जिंग, बच्चों की पढ़ाई, और घरेलू काम अब आसानी से हो सकेंगे। वनटांगिया गांवों के विकास को लेकर योगी सरकार का यह प्रयास एक मॉडल बनता जा रहा है कि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रह सकता।

कंपोजिट विद्यालय के उच्चकृत हेतु गौरा विधायक ने किया भूमि पूजन

अशोक कुमार श्रीवास्तव

मनकापुर गोण्डा- गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र गौरा के विकास खंड बभनजोत, पी0 एम0 श्री0/उच्चीकृत कंपोजिट विद्यालय ग्राम पंचायत मोकलपुर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर वैदिक विधिनुसार भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुभारंभ कराया तथा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। और उपस्थित छात्र छत्राओं को सम्बोधित करते हुए लगन के साथ खूब मेहनत करके सफलता हासिल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ महराज की अति महत्वाकांक्षी योजना में से एक स्कूल चलो अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बभनजोत महेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष अरुण प्रकाश शुक्ला, ए आर पी बभनजोत राम विलास वर्मा, प्रधान राम अभिलाख वर्मा, पप्पू सिंह, वेद प्रकाश सहित सम्मानित जनता उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

परना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत लोनावादरगाह वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लोनावादरगाह में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

साबित अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लोनावादरगाह
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मालिक राम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत लोनावादरगाह
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत भानपुर वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भानपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

अंजुमबानो
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भानपुर
वि0 खं0 बभनजोत, जिला गोंडा।

श्रीमती वंदना वर्मा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत भानपुर
वि0 खं0 बभनजोत , जिला गोंडा।

कार्यालय ग्राम पंचायत दूल्हापुर पहाड़ी वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दूल्हापुर पहाड़ी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 02:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

साहू
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दूल्हापुर पहाड़ी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

प्रथमेश पाठक
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत दूल्हापुर पहाड़ी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा भोधर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरा भोधर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

सत्य राम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पिपरा भोधर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत पिपरा भोधर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगारघाट वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक- 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंगारघाट में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

चंद्रकला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिंगारघाट
वि0 खं0 बभनजोत , जिला गोंडा।

श्रीमती वंदना वर्मा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत सिंगारघाट
वि0 खं0 बभनजोत, जिला गोंडा।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगारघाट विकास खंड बभनजोत, जिला गोंडा

निविदा सूचना

वार्षिक निविदा सूचना ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमंत्रित

गौ आश्रय केंद्र/गौशाला हेतु पशुओं हेतु दाना भूसा हरा चारा साइलेस इत्यादि सामग्री स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

चंद्रकला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिंगारघाट
वि0 खं0 बभनजोत, जिला गोंडा।

श्रीमती वंदना वर्मा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत सिंगारघाट
वि0 खं0 बभनजोत , जिला गोंडा।

चकेरी पुलिस ने बमबाजी गैंग के एक और अभियुक्त को मुठभेड़ में पकड़ा, कानपुर, उन्नाव, जयपुर तक था एरिया

● -लाल बंगला में बमबाजी की घटना में शामिल था अभियुक्त

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर नगर में थाना चकेरी पुलिस व एसीपी चकेरी टीम द्वारा की गई कार्रवाई में कुख्यात अपराधी अमन कटियार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। हमारी पुलिस टीम एक माह से अपराधी पर नजर, लगातार ट्रैकिंग के बाद पुलिस को सफलता मिली है। इसका नाम अमन कटियार है और ये हार्डकोर अपराधी है जिस पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं, लूट, फायरिंग, बमबाजी व अन्य संगीन अपराधों में शामिल।

इसके अन्य साथी जेल में बंद हैं पिछले समय लाल बंगला में बमबाजी व एक लूट को इन्हीं ने अंजाम दिया था। पुलिस की घेराबंदी के दौरान मुठभेड़, आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अपराधी से अवैध पिस्टल व देसी बम बरामद हुई है। कानपुर, उन्नाव, जयपुर तक फैला था इनका ऑपरेशन एरिया। सीपी कानपुर के निर्देशानुसार अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। समाज में भय का माहौल बनाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

अमन कटियार का आपराधिक इतिहास है। पिता का नाम- अजय सिंह उर्फ शेर सिंह, निवास स्थान- राजपूत नगर, मंगला विहार प्रथम, दहेली सुजानपुर, थाना चकेरी, कानपुर नगर है। अमन कटियार पर दर्ज प्रमुख मुकदमे हत्या का प्रयास व मारपीट~ धारा 307, 323, 34, 504, 506 - थाना जाजमऊ। अवैध हथियार व संगठित अपराध- धारा 109, 118(2), 191(2), 191(3) BNS, 3/25 आर्म्स एक्ट - थाना चकेरी, लूट और चोरी- धारा 392, 411 - थाना नौबस्ता संगठित अपराध से जुड़े अन्य मुकदमें हैं।

वक्फ बोर्ड बिल, जुम्मे की नमाज पर कानपुर में विशेष सतर्कता

● - दिन भर हुआ फ्लैग मार्च, सड़कों पर भारी पुलिस बल

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर नगर पुलिस ने वक्फ संशोधन बिल के मद्देनजर किया फ्लैग मार्च। जुम्मे के दिन विशेष सतर्कता बरती गई। सभी जोन में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। क्यूआरटी, आर्म्ड पुलिस, की भी तैनाती की गई थी। दिनांक 04.04.2025 को थाना रावतपुर क्षेत्र में वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च में रिजर्व पुलिस बल, घुड़सवार पुलिस व आर्म्ड पुलिस ने हिस्सा लिया।

स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शांति एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के सख्त निर्देश दिए गए। इस फ्लैग मार्च में सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर, थाना प्रभारी रावतपुर, तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

एडीजी जोन आलोक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में

● -आईजीआरएस मूल्यांकन में कानपुर जोन फिर प्रथम

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। (स्वतंत्र प्रभात)माह मार्च वर्ष-2025 की प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन एडीजी जोन आलोक सिंह के नेतृत्व में फिर से प्रथम आया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण/त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनता के द्वारा विभिन्न माध्यमों से दिये गये जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। आवेदको द्वारा पोर्टल पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्राप्त होने से लेकर जांच के विभिन्न पहलुओं तथा आवेदक के विधिक दृष्टिकोण से संतुष्ट होने तक विभिन्न मानकों/बिन्दुओं पर शासन द्वारा मूल्यांकन कर प्रदेश स्तर पर थाने से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक तक की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह मार्च - 2025 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अर्न्तगत प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा नवीन मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश स्तर पर की गयी।

दर्जी के बेटे ने पंजाब नेशनल बैंक की स्पेशलिस्ट ऑफिसर परीक्षा पास कर बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। कहते हैं अगर लगन और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इस कहावत को सच कर दिखाया है विकासखंड करंजा कला क्षेत्र के ग्राम सभा पतहना निवासी संदीप ने, जिसने पहले ही प्रयास में पंजाब नेशनल बैंक की स्पेशलिस्ट ऑफिसर (मार्केटिंग) परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और जिले का नाम रोशन किया है। संदीप एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता दयाराम, जो पेशे से दर्जी हैं, वर्षों से हरियाणा में मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनका सपना था कि उनका बेटा पढ़-लिखकर एक सम्मानजनक मुकाम हासिल करे। संदीप ने भी पिता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपनी मेहनत और लगन से इस मुकाम को हासिल किया।

संदीप की प्रारंभिक शिक्षा हरियाणा में ही हुई। उन्होंने 2017 में हरियाणा बोर्ड से हाईस्कूल और उसके बाद इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। इसके पश्चात उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 2022 में बी.कॉम और 2024 में एमबीए (मार्केटिंग) की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के तुरंत बाद ही संदीप ने बैंकिंग सेक्टर की तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास में 2025 में आयोजित पंजाब नेशनल बैंक की स्पेशलिस्ट ऑफिसर (SO) इन मार्केटिंग परीक्षा पास कर ली। यह उपलब्धि सिर्फ उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। जैसे ही संदीप की सफलता की खबर गांव में पहुँची, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजन, रिश्तेदार, शिक्षक और ग्रामीणों ने मिठाइयाँ बाँटकर खुशी का इज़हार किया।

संदीप ने बताया, "मैं अपनी इस सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता-पिता को देता हूँ, जिनकी मेहनत, त्याग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। इसके साथ ही मैं अपने गुरुजनों का भी आभारी हूँ जिन्होंने मुझे

मार्गदर्शन दिया।" उन्होंने आगे कहा, "मैं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना आदर्श मानता हूँ और उन्हीं के विचारों पर चलता हूँ शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो'। बाबा साहब का यह मंत्र मेरे जीवन की दिशा बन गया है।"

संदीप ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही असली ताकत है और आज के समय में युवाओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी चाहिए ताकि वे भी अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें। पतहना गांव में संदीप की सफलता से हर उम्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संदीप ने यह सिद्ध कर दिया कि साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे भी कड़ी मेहनत और मजबूत इरादों से किसी भी ऊँचाई को छू सकते हैं।

शोभायात्रा में शस्त्र प्रदर्शन पर रहेगा प्रतिबंध- जिलाधिकारी जौनपुर

● -आईजीआरएस मूल्यांकन में कानपुर जोन फिर प्रथम

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। आगामी चैत्र नवरात्रि, रामनवमी और भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने की, वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी पर्वों को आपसी सौहार्द व शांति के साथ मनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान बिजली, पानी और सफाई की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि लटके हुए तारों की मरम्मत और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

शोभा यात्राओं को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डीजे की ध्वनि और ऊंचाई मानकों के अनुसार होनी चाहिए और किसी भी प्रकार का शस्त्र प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा।

नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि 5-6 अप्रैल को मंदिरों में होने वाले भजन कार्यक्रमों से पूर्व साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों की सफाई हेतु डीपीआरओ को निर्देश दिए गए। साथ ही शोभा यात्रा मार्गों पर फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इन्द नन्दन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बेटियां बेटों से ज्यादा प्रतिभाशाली हैं - जिलाधिकारी

बलरामपुर- जिले के पचपेड़वा विकासखण्ड के निकट ग्राम गुरचिहवा मे समय माता मंदिर के प्रांगण पर चल रही श्री राम कथा के पांचवें दिन प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है... के भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा वाचिका साध्वीं साधना ने कहा कि गंगा में स्नान से शुद्धि होगी या नहीं, इसमें संदेह हो सकता है। लेकिन श्री राम कथा में जो मनुष्य डुबकी लगा लेता है, उसका उद्धार निश्चित है। व्यास पीठ की मुख्य यजमान प्रधान फूल मती व नीलम , ने आरती उतारी।

कथा वाचिका ने अपने मधुर कंठ से प्रभु श्री राम के बाल लीला का सुंदर चित्रण करते हुए कहा कि जब श्रीराम ने दशरथ नंदन के रूप में कौशिल्या की कोख से जन्म लिया तो, दासियां दौड़ पड़ी, अयोध्या सजने लगी, जन-जन में उत्साह छा गया। भगवान के 16 संस्कार के साथ मुनि वशिष्ठ ने चारों भाइयों का नामकरण संस्कार कराया। श्रीरामलला के दर्शन के लिए भोले भंडारी सहित विभिन्न देवता अवध में आए। बताया कि ब्रह्मा आदि देवता तो भगवान का दर्शन. स्तुति कर वापस लौट गए, किंतु शंकर जी का मन अपने आराध्य श्रीराम की शिशु क्रीड़ा की झांकी में ऐसा कभी वे राजा दशरथ के राजद्वार पर भिक्षा मांगने वाले साधु के रूप में उपस्थित हो जाते थे। कभी भगवान के अवतारों की कथा सुनाने के बहाने प्रकांड विद्वान बनकर राजमहल में पहुंच जाते। वे कागभुशुंडि के साथ बहुत समय तक अयोध्या की गलियों में घूमते हुए एक दिन शंकर जी कागभुशुंडि को बालक बनाकर और स्वयं त्रिकालदर्शी वृद्ध ज्योतिषी का वेष धारणकर शिशुओं का फलादेश बताने के बहाने अयोध्या के निवास में प्रवेश कर गए। माता कौशल्या ने जैसे ही शिशु श्रीराम को ज्योतिषी की गोद में बिठाया तो शंकरजी का रोम-रोम पुलकित हो उठा। वे बालक का हाथ देखने के बहाने कभी उनके कोमल कर कमलों को सहलाते तो कभी अपनी जटाओं से उनके रक्ताभ तलवों को थपथपाते और देवताओं के लिए भी दुर्लभ उन चरण कमलों का दर्शन कर परमानंद में निमग्न हो जाते।कार्यक्रम में मन्दिर के प्रबंधक सतीश चन्द्र मिश्रा,कोषाध्यक्ष राम पाल यादव उर्फ छैलू , गिरिजेश पाण्डेय, अमित तिवारी एडवोकेट, रामलोटन मौर्या रवि गुप्ता हरखड़ी, गुड्डू प्रजापति, सुनील यादव, कल्लू भूज, कल्लू नेता, हरीराम प्रजापति, राम दास प्रजापति, रामसेवक, अखिलेश्वर पाण्डेय धाने, आदि लोग कार्यक्रम मे मौजूद रहे।

जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

● - प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया जरूरी निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़, झारखंड- शुक्रवार को उपायुक्त पाकुड़ मनीष कुमार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द संबंधित पदाधिकारी को समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित एवं रोजगार से संबंधित, शिक्षा विभाग से संबंधित, सहिया आदि से संबंधित आदि आवेदन प्राप्त हुए थे।

सड़क हादसा में पुलिस जवान की मौत, एक घायल

स्वतंत्र प्रभात

बोकारो, झारखंड- बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल की अमलोन कोलियरी चेक पोस्ट के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें झारखंड पुलिस के एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पुलिस जवान रांची से देवघर जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार, अनूप सिंह, सचिन कुमार, पंकज चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को जब्त कर लिया। घायल जवान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार और अंचलाधिकारी संजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। गौरतलब है कि यह इलाका दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात है और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। घटना को लेकर स्थानीय ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष व हिंदू नेता राजन साव, विनय दुबे, बैकुंठ सिंह, रूपलाल महतो आदि ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की। प्रशासन ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जनपद के सभी विकास खण्डों में आयोजित हुआ "ग्राम चौपाल गांव की समस्याए गांव में समाधान

● -"ग्राम चौपाल" आयोजित कर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों का किया निस्तारण

"प्रशासन आपके द्वार" की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकार- जिलाधिकारी

ग्राम चौपाल में आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हो सुनिश्चित-डीएम विशाल सिंह

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :- जिलाधिकारी विशाल सिंह के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में "ग्राम चौपाल" (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के विहियापुर एवं सिंहपुर गाँव में नामित नोडल उपायुक्त जिला विकास अधिकारी व जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, विकास खण्ड अभोली के मकनपुर रोही में जिला युवा कल्याण अधिकारी, हरदुआ में उपायुक्त श्रम रोजगार, विकास खण्ड ज्ञानपुर के गहरपुर में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बैदाखास में परियोजना निदेशक डीआरडीए, विकास खण्ड औराई के बाबूसराय में उप निदेशक कृषि व बैराखास में उपायुक्त उद्योग, विकास खण्ड डीघ के अरता जिला पंचायत राज अधिकारी, बदरी में सहायक आयुक्त सहकारिता, विकास खण्ड भदोही के रवेलीखास में जिला विद्यालय निरीक्षक, भुलईपुर में जिला प्रोबेशन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में तथा समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया। ग्राम चौपाल की शुरूआत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यो के निरीक्षण से हुई जिसमें अमृत सरोवर का अवलोकन करते हुए मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान, फार्मर रजिस्ट्री कैम्प, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों से संवाद करके सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत में लगायी गयी लाईटो, सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवन, जल निकासी नाली, सड़क सम्पर्क मार्ग, गौआश्रम स्थल, एम0डी0एम0, संचारी रोग, टीकाकरण, वृद्धा एवं विधवा, विकलांग पेंशन आदि विकास योजनाओं का सत्यापन किया गया। जनचौपाल में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, कृषि एवं कृषि रक्षा से जुड़े प्राकृतिक एवं आरगैनिक खेती, हर घर, नल से जल तथा सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी ने प्रत्येक विकास खण्ड के लिए नामित अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनचौपाल में आज आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर अवगत कराया जाए।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वे स्थापना दिवस पर हजारीबाग में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हुआ आगमन

भाजपा पर जमकर साधा निशाना भाजपा पर जमकर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कैबिनेट के अन्य मंत्रियों का आगमन हुआ, यह आगमन जिला स्कूल के ग्राउंड के हुआ जहां पर हजारीबाग के 14 प्रखंड से लगभग हजारों लोग शामिल रहे। जेएमएम की पार्टी सचिव विनोद पांडे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हम लोग स्थापना दिवस में ही संकल्प लेते हैं जिसे पूरे साल उसे लागू करते हैं ,झारखंड राज्य लंबे समय संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ है, झारखंड आंदोलन में शामिल हमारे महापुरुषों इसकी समृद्धि की कामना करते थे झारखंड की जनता जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के लोगों ने भरोसा किया है, हमारी सरकार उसे बखूबी निभायेगी। आयोजन में उपस्थित मंत्री सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड राज्य गुरु जी की देन है, यहां अनंत संभावना है,जिससे क्षेत्र की विकास संभव हो सकती है, उन्होंने हजारीबाग की जनता से कहा कि अगले चुनाव में वह सरकार का समर्थन करें एवं विकास की धारा हजारीबाग तक लेकर आए , उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि हजारीबाग हमेशा सांप्रदायिक माहौल में डूबा रहता है, इससे निजात पाने के लिए जरूरी है कि यहां के विधायक कांग्रेस या जेएमएम से हो। वही मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि यह आयोजन हर साल 4 अप्रैल को मनाया जाता है, क्योंकि यह समय पार्टी की मंथन का भी समय होता है हेमंत पार्ट 2 सरकार बनने पर उन्होंने जनता को धन्यवाद दिया, एवं 2029 के चुनाव के लिए लोगों से समर्थन देने का आग्रह किया । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में धन्यवाद ज्ञापन के साथ थी सभी लोगों को हार्दिक अभिनंदन किया ,उन्होंने कहा कि कड़ाके की धूप में भी आप जेएमएम की स्थापना समारोह प्रोग्राम में उपस्थित है इसका साफ मतलब है कि आप हमारे कार्य शैली से संतुष्ट है और आशा करते हैं कि अगले चुनाव में हजारीबाग से भी हमारे पांचों विधायक जीतेंगे,। हमारी सरकार हक, अधिकार, उत्पीड़न, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन, निर्मल महतो एवं झारखंड आंदोलनकारीयो ने झारखंड निर्माण में अपना योगदान दिया है उनकी इच्छा की झारखंड को गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी ,आदि से निजात दिलाना किसी भी कीमत पर अधूरी नहीं रहेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य अलग हुए 25 साल हो गए एवं जिनके कंधे पर विकास की जिम्मेवारी थी उन्होंने झारखंड का खूब शोषण किया। सस्कुले बंद हुई, अमानवी अत्याचार बड़ा, सांप्रदायिक माहौल बड़ा, डबल इंजन की सरकार में सांप्रदायिक उत्पाद मचाकर लोगो का हाल बेहाल कर दिया है। अपनी जेल के दोनों को याद करो उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद 5 साल तक झूठे आरोप लगाकर उन्होंने परेशान किया एवं झारखंड के विकास में बाधा बने रहे, कोरोना की दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि कैसे झारखंड कोरोना महामारी से निपटने में प्रथम स्थान पर था उन्होंने कोरोना महामारी से मारे गए टाइगर जगन्नाथ महतो एवम हाजी हुसैन अंसारी का जिक्र करते हुए कहा की उन्होंने भी झारखंड के अमूल्य रत्न को खोया है।

टीएससी बैद अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न

● - मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित, शिक्षा के महत्व पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

मधुपुर, देवघर, झारखंड- मधुपुर नगर स्थित तारा श्री चंद बैद अकादमी में बीते शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मधुपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती, उपप्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रंजीत दास, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष तारा बैद, सदस्य परमानंद ठाकुर, विजय कुमार राय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री तुषार मजूमदार ने सामूहिक रूप से संपन्न किया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. रत्नाकर भारती ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की कुंजी है। वहीं परमानंद ठाकुर ने रामायण के उदाहरण के माध्यम से 'विद्या' और 'शिक्षा' के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और आत्मशक्ति का संचार करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जिया कुमारी और फरहा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाएँ सुमित सौरभ, आभाष कुमार, अंकित कुमार, चंदन चंचल, प्रिया आचार्या, निकिता साव, पूजा चटर्जी, साहिब आलम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

यह घिबली-घिबली क्या है?

मनुष्य हमेशा नई-नई चीजों के प्रति आकर्षित होता आया है। खासतौर पर युवा पीढ़ी हमेशा ही नए-नए गेजेट्स को लेकर जिज्ञासु रही है। पीट्सवर्ग यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर एलिजावेथ मिलर का मानना है कि पहले सामाजिक अकेलापन आया या पहले सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू हुआ। भले इस बहस का कोई अंत न हो लेकिन अकेलापन और सोशल मीडिया दोनों एक-दूसरे की वजह जरूर बने। भारतीय समाज में ऐसे परिवार भी हैं, जहां व्यक्ति परिवार से कटने के बाद सोशल मीडिया का आदी हो रहा है। यानी जब व्यक्ति के पास घर में न कोई बोलने-चालने वाला है, न उसके दुख-दर्द समझने वाला तो वह सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाता है। यहां उसे एक ऐसी दुनिया मिलती है जो जाने-अनजाने उसके दुख-दर्द में भागीदारी करती दिखाई पड़ती है। मिसाल के तौर पर यदि आप फेसबुक पर सिर्फ यह भी लिखकर डाल दें कि आप बीमार हैं तो आपके जल्द स्वस्थ होने की दुआओं के साथ अनेक शुभकामनाएं तुरंत प्रतिक्रिया स्वरूप मिल जाती हैं। खासतौर पर भारत के मध्यम वर्गीय परिवारों में यही हो रहा है। लोगों ने इस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर को तेजी से अपनाया। आजकल हर कोई घिबली, आर्ट का दीवाना है। ओपन एआई के चैट जीटीपी ने नया टूल क्या लांच किया कि लोग पागल हो गए। हालात तो यह हैं कि खुद कम्पनी को लोगों से रिकवेस्ट करनी पड़ी कि थोड़ा संयम रखें क्योंकि लोगों की डिमांड की वजह से स्टूडियो घिबली के कर्मचारी सो भी पा नहीं रहे हैं। हर कोई घिबली से अपनी इमेज को कार्टून की तरह बनाकर इंटरनेट पर डाल रहा है। लोगों अपनी फोटो से एमिनेशन बना रहे हैं। घिबली भले ही आप लोगों के लिए नया हो लेकिन इसकी शुरूआत 1985 में हुई थी।

अपने हैंड-ड्रॉन एमिनेशन के जरिये किस्से-कहानियां कहने वाले इस आर्ट स्टूडियो ने लाखों दिलों को जीता है। इस आर्ट की मदद से कई हिट फिल्में बनी हैं जो एआई की मदद से आप तक पहुंची हैं। घिबली की जड़ें जापान से जुड़ी हुई हैं। हायाओ मियाजाकी एनिमेटर ने इसकी शुरूआत की थी। उन्होंने इस एनिमेटर आर्ट का इस्तेमाल कर कई फिल्में और टीवी सीरियल बनाए हैं तथा इसी आर्ट से बनी एक फिल्म स्पिरिटेड अवे में 2300 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की कमाई की है और खुद उनकी सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए के करीब है। घिबली की तस्वीरों को वायरल होने के बाद मियाजाकी ने एआई जनरेटेड एनिमेशन की आलोचना की थी। मियाजाकी ने कहा था कि एआई जनरेटेड एमिनेशन जीवन का अपमान है। वह मानते हैं कि कला का असली सार तभी झलकता है जब इंसान अपने अनुभवों, दर्द, खुशी और संवेदनाओं को चित्रों और कहानियों में उतारता है लेकिन एआई आधारित एमिनेशन इस गहराई से कोसों दूर है। एआई के बढ़ते उपयोग को लेकर दुनियाभर में बहस जारी है। एक वर्ग इसे क्रिएटिव इंडस्ट्री में क्रांति मानता है तो कुछ इसे कला के ?लिए खतरा बताते हैं। एक वर्ग मानता है कि इससे असली आर्ट पीछे रह जाएगी। लोगों के पागलपन के बीच यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि अपनी फोटो को कार्टून शैली में बदलते लोग अपनी तस्वीरों का सारा एसेस घिबली को दे देते हैं, जिससे भविष्य में इन तस्वीरों का दुरुपयोग हो सकता है। एक बार जब आप सोशल मीडिया पर एक्टिव हो जाते हैं तो घर परिवार से आपका ताल्लुक बहुत कम हो जाता है। इस स्थिति में आप यह इच्छा करते हैं कि अब वापस अपने परिवार के बीच लौट जाएं तो यह मुमकिन नहीं हो पाता या तो आपके परिवार के सदस्य दूसरी जगह व्यस्त हो चुके होते हैं या फिर वे भी सोशल मीडिया पर ही सक्रिय हो जाते हैं। यह स्थिति तो अब आमतौर पर घरों में भी देखी जा रही है कि घर में चार सदस्य बैठे हैं और चारों अपने-अपने मोबाइलों पर फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। चारों के बीच कोई संवाद नहीं होता। आलम यह होता है कि पति एक कमरे में बैठा खाना खा रहा है और पत्नी दूसरे कमरे में बैटी कोई काम कर रही है। मोबाइल उसके भी एकदम करीब रखा है। पति सब्जी मांगने के लिए पत्नी को व्हाट्सएप करता है। पत्नी अंदर से आकर पति को सब्जी देती है। सब्जी मांगने की यह प्रक्रिया देखने में छोटी सी लग सकती है लेकिन सोचिए कि एक ही घर में रहते हुए पति-पत्नी सीधे संवाद नहीं करते, बल्कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। इसका एक अर्थ यह भी है कि दोनों पति-पत्नी हर समय सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। आखिर सोशल मीडिया में ऐसा क्या है कि वह आपको रियल वर्ल्ड से काटकर अपनी ओर आकर्षित कर रहा है? दरअसल सोशल मीडिया पर लगातार आने वाले नोटिफिकेशन आपके ब्रेन को एक्टिव बनाए रखते हैं। आपके स्टेटस पर मिलने वाले लाइक्स या कमेंट्स आपको एक छद्म खुशी का अहसास कराते हैं या आपके अस्तित्व को प्रमाणित करते हैं। सोशल मीडिया के प्रति लोगों की दिवानगी इस कद्र बढ़ गई है कि वह समाज और परिवार से कट गए हैं। पता नहीं लोग समाज से संवाद कैसे स्थापित करें।

वक्फ बोर्ड की जमीन-जायदाद

मुस्लिम वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर देश की विपक्षी पार्टियां जिस तरह गफलत में दिखाई पड़ती हैं उसका कारण भारत की जमीनी हकीकत से नावाकिफ होना है। वक्फ की सम्पत्तियों का देश में जिस तरह जाल फैला हुआ है उससे आम भारतीय प्रभावित न होता हो, ऐसा नहीं है। अतः केन्द्र की मोदी सरकार इस सम्बन्ध में जो विधेयक लाई है उसका स्वागत सामान्य तौर पर देश की जनता करती दिखाई पड़ती है। इस बारे में मुस्लिम वक्फ बोर्डों की विभिन्न राज्यों में जो गतिविधियां रही हैं उन्हें देखते हुए नागरिकों में भीतर ही भीतर रोष रहा है। भाजपा ने इस रोष का संज्ञान लेते हुए ही वक्फ संशोधन विधेयक रखा है। बेशक वक्फ बोर्ड का इतिहास 1913 से अंग्रेजों के शासन के दौरान तक रहा है और इसके बाद समय-समय पर इसमें संशोधन होते रहे। इन संशोधनों में सबसे बड़ा संशोधन 1995 में तत्कालीन कांग्रेस की नरसिम्हाराव सरकार के दौरान किया गया। यह वह दौर था जब देश में राम जन्मभूमि को लेकर उपजे आन्दोलन का अन्त हो चुका था। अयोध्या में स्थित बाबरी मस्जिद को 1992 के दिसम्बर महीने में ढहा दिया गया था। इसके बाद मुसलमानों को खुश रखने के लिए नरसिम्हा राव सरकार वक्फ संशोधन विधेयक लेकर आयी थी। इस कानून में तब जो परिवर्तन किये गये थे उसमें सबसे बड़ा संशोधन यह था कि किसी जमीन या जायदाद के बारे में वक्फ बोर्ड का फैसला अन्तिम था जो कि एक ट्रिब्यूनल के माध्यम से होता। ट्रिब्यूनल के फैसले को दीवानी अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकती थी और केवल पुनर्विचार याचिका ही न्यायालय में दाखिल की जा सकती थी। इसके बाद 2013 में मनमोहन सरकार में इसमें संशोधन किया। इससे वक्फ बोर्डों को यह अधिकार मिल गया था कि वह जिस जमीन या जायदाद पर अपना दावा पेश कर दे वह उसी की मानी जाती थी। इसके साथ ही जिस जमीन का उपयोग पहले से ही धार्मिक कार्य के लिए कोई व्यक्ति कर रहा हो उसे भी वक्फ की जमीन ही माना जाना लाजिम बना दिया गया था। ऐसे नियम की जद में वे ऐतिहासिक स्थल भी आ गये थे जो पुरातत्व संरक्षण में चल रहे थे। अतः जो संशोधन विधेयक अल्पसंख्यक मन्त्री श्री किरण रिजीजू ने संसद में रखा वह सभी ऐतिहासिक व पुरातत्व महत्व के स्थलों को वक्फ के चंगुल से निकालता है। पूरे देश में ऐसी ऐतिहासिक इमारतें चारों तरफ फैली हुई हैं जिनका रखरखाव पुरातत्व विभाग करता है। मगर ऐसे स्थलों पर नमाज पढ़कर इन्हें धार्मिक चश्मे से देखने की कोशिश वक्फ बोर्ड करता था। श्री रिजीजू ने ऐसे सभी स्थलों को वक्फ जायदाद से बाहर कर दिया है। इसके साथ यह भी हकीकत है कि 1995 के बाद से वक्फ की सम्पत्तियों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इन सम्पत्तियों का संज्ञान 2006 में मुसलमानों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का जयाजा लेने वाली सच्चर समिति ने लिया था और कहा था कि तब तक वक्फ की कुल चार लाख 90 हजार सम्पत्तियों से वार्षिक आय 163 करोड़ रुपए की होती थी। सच्चर समिति का कहना था कि यदि इन सम्पत्तियों का सही उपयोग किया जाये तो आय कम से कम दस हजार करोड़ रुपए की होनी चाहिए परन्तु अब ये सम्पत्तियां बढ़कर नौ लाख के करीब हो गई हैं परन्तु इनसे आय और भी घट गई है। सच्चर समिति का कहना था कि वक्फ की सम्पत्तियों से आय बढ़ाकर इसका उपयोग गरीब मुसलमानों की आर्थिक मदद में किया जा सकता है क्योंकि समिति ने यह भी पाया था कि भारत में मुसलमानों की स्थिति अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों से भी बदतर है। अतः समझने वाली बात यह है कि वक्फ का मसला हिन्दू-मुसलमानों का मसला नहीं है बल्कि यह मानवीय मसला है क्योंकि देश के 90 प्रतिशत मुसलमान पसमान्दा मुसलमान हैं जो किसी तरह अपनी दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर पाते हैं। इसलिए श्री रिजीजू ने वक्फ विधेयक में प्रावधान रखा है कि केन्द्रीय स्तर पर बनने वाली राष्ट्रीय वक्फ परिषद में मुसलमानों के सभी मुख्य फिरकों के प्रतिनिधि रखे जायेंगे और महिलाओं के साथ ही पसमान्दा मुसलमानों के नुमाइन्दे भी होंगे तथा मुसलमानों के अलावा अन्य धर्म के मानने वाले लोगों का भी प्रतिनिधित्व होगा। यह कहा जा रहा है कि इससे मुसमानों के आन्तरिक धार्मिक मसलों में मदालखत होगी जो कि पूरी तरह सत्य नहीं है क्योंकि वक्फ की जमीनों की देखभाल करने के लिए मुतल्लवी या प्रबन्धक होता है। वह हर हालत में मुसलमान ही होगा। इसमें किसी भी प्रकार की बुराई नजर नहीं आती है क्योंकि यह धार्मिक मामलों में सरकार का हस्तक्षेप नहीं है बल्कि जमीन-जायदाद की देखभाल करने का सवाल है। इस बारे में देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों ने अभी तक जो फैसले दिये हैं उनमें वक्फ बोर्डों को एक वैधानिक संस्था माना गया है न कि धार्मिक। सवाल यह है कि जब हम ढोल पीट-पीट कर यह दुहाई देते हैं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है तो मुसलमानों का कोई मसला आते ही क्यों हमारा गला सूखने लगता है? श्री रिजीजू ने जब संसद में विधेयक रखकर यह कहा कि भारत के वक्फ बोर्डों के पास पूरी दुनिया में सबसे अधिक दान में मिली जमीन-जायदाद है तो इसका उपयोग गरीब मुसलमानों के हित में क्यों नहीं किया जाना चाहिए। वक्फ बोर्डों को हमने भूमि हथियाने वाले माफिया में क्यों बदल डाला है। जबकि आम मुसलमान अपनी जमीन-जायदाद जन कल्याण के लिए दान या वक्फ करता है। वक्फ की जमीन अल्लाह की जमीन होती है अतः इसका उपयोग भी उसके बन्दों की खिदमत में होना चाहिए। भारत में जमीन-जायदाद के वैध कागजों के साथ ही उसका आंकलन जाता किया है अतः वक्फ की गई जायदाद के कागजात भी होना जरूरी है। जबकि कुछ लोग सरकारी जमीनों को भी वक्फ की जमीन बताने से नहीं हिचकते। इस नये विधेयक से ऐसे सभी दावों का पर्दाफाश भी होगा।

भारत सिंह पर कृपा कीजिये महाराज

आप भारत सिंह को नहीं जानते। भारत सिंह कुशवाह ग्वालियर के साँसद हैं। ज्यादा पढ़े लिखे नहीं हैं,लेकिन मप्र विधानसभा के सदस्य और मंत्री रह चुके है। पेशे से किसान हैं और मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की वजह से राजनीति में अपनी पहचान बना पाए हैं। भारत सिंह कुशवाह की किस्मत देखिये की वे 2023 में विधानसभा का चुनाव हार गए लेकिन 2024 में लोकसभा का चुनाव 70 हजार वोटों से जीत गए। भारत सिंह कुशवाह की तकलीफ ये है कि ग्वालियर के साँसद होते हुए भी उन्हें एक साँसद की तरह न काम करने दिया जा रहा है और न विकास का मसीहा बनने दिया जा रहा।

आप ये जानकर हैरान होंगे किभारत सिंह कुशवाह के रास्ते में आड़े आ रहे हैं गुना के सांसद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। सिंधिया भले ही गुना के साँसद हैं लेकिन वे आधे मध्यप्रदेश को [यानि पुरानी सिंधिया रियासत के भू-भाग को] अपनी रियासत ही समझते हैं। वे अकेले गुना के लिए नहीं बल्कि भिंड,मुरैना और ग्वालियर के लिए भी काम करते है। उन्हें विदिशा,उज्जैन जैसे इलाकों की भी फ़िक्र रहती है। उन्हें लगता है कि वे आज भी पुरानी ग्वालियर रियासत के महाराज हैं, इसलिए उन्हें इस पूरे इलाके की फ़िक्र करना चाहिए।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि भारत सिंह कुशवाह के मुकाबले ज्योतिरादित्य सिंधिया की राजनीतिक विरासत सौ गुना ज्यादा है। भारत सिंह के पुरखे भी शायद सिंधिया रियासत की रियाया रहे होंगे ,किन्तु भारत सिंह तो आजाद भारत के भारत सिंह हैं और स्वयं सांसद भी हैं ठीक उसी तरह जैसे की ज्योतिरादित्य सिंधिया है। भारत सिंह की मुश्किल ये है कि वे हिम्मत कर ग्वालियर के लिए केंद्र से जिन तमाम योजनाओं के लिए भागदौड़ करते हैं उनके स्वीकृत होते ही वे सब योजनाएं सिंधिया अपने खाते में दर्ज करा देते हैं। जाहिर है कि सिंधिया का आभा मंडल है। उनकी दादी, पिता, बुआ तक सांसद रहीं हैं। वे किसी भी केंद्रीय मंत्री ही क्या प्रधानमंत्री जी से भी आसानी से मिल सकते हैं और किसी भी योजना को स्वीकृत भी करा सकते हैं, लेकिन उन्हें भारत सिंह को भी तो कुछ करने देना चाहिए।

ग्वालियर का जिला प्रशासन भी भारत सिंह को एक सांसद की तरह महत्व नहीं देता, खासतौर पर तब, जब महाराज यानी ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद मैदान में हों। स्थिति ये बन गयी है कि अक्सर भारत सिंह कुशवाह को सरकारी बैठकों में, कार्यक्रमों में आमंत्रित ही नहीं किया जाता। अब खुद भारत सिंह उन कार्यक्रमों से कन्नी काटने लगे हैं जिनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद होते हैं। कायदे से तो सिंधिया को वरिष्ठ होने के नाते भारत सिंह को अपने साथ रखकर उनका रास्ता आसान करना चाहिए था किन्तु वे श्रेय में किसी को भागीदार नहीं बनाते, बेचारे भारत सिंह कुशवाह की तो हैसियत ही क्या है ?

आपको बता दें कि सिंधिया ने भारत सिंह से पहले ग्वालियर के साँसद रहे विवेक नारायण शेजवलकर को भी आत्मनिर्भर सांसद नहीं बनने दिया। हालाँकि विवेक नारायण शेजवलकर भारत सिंह के मुकाबले ज्यादा पढ़े लिखे [इंजीनियर] साँसद थे। उनके पिता भी सांसद रहे। विवेक नारायण शेजवलकर तो महापौर भी रहे ,लेकिन शेजवलकर ने सिंधिया का लिहाज किया ,पर सिंधिया ने शेजवलकर का लिहाज नहीं किया । शेजवलकर से पहले नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर के साँसद थे,लेकिन उनका कद पार्टी में इतना बड़ा था कि सिंधिया तोमर को अपनी छाया के अधीन नहीं कर पाए। तोमर ने भी सिंधिया को उतने समय ही महाराज माना जितने समय कि दिखाने के लिए जरूरी

था। अब भारत सिंह कुशवाह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच की बढ़ती खाई का मामला पार्टी हाईकमान के साथ ही आरएसएस तक भी पहुँच चुका है। पर मजा देखिये कि पार्टी है कमान और संघ परिवार भी भारत सिंह के साथ खड़े होने के लिए राजी नहीं हैं। अब बेचारे भारत सिंह कुशवाह अपनी लड़ाई अकेले कब तक लड़ें ? भारत सिंह कुशवाह के राजीनतिक गुरु विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमार भी खुलकर सिंधिया का विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। सिंधिया आखिर सिंधिया है। उन्हें विकास का मसीहा बनने से कौन रोक सकता है ? भारत सिंह कुशवाह और सिंधिया में तनातनी नई नहीं है।कुछ समय पहले भी जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल मांगूबाई पटेल ने प्रतिमा का अनावरण किया था। इस दौरान सांसद मौजूद नहीं थे। तब भी यह बात निकलकर आई थी कि उन्हें बुलाया ही नहीं गया था। वहीं, रविवार को भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भी जब बजट को लेकर प्रेसवार्ता की तो उसमें भी सिंधिया समर्थक ऊर्जा मंत्री तोमर और अन्य समर्थक तो नजर आए लेकिन जिलाअध्यक्ष तक नजर नहीं आए। भारत सिंह कुशवाह ने जब ज्यादा असंतोष जताया तो कुछ समय के लिए सिंधिया ने ग्वालियर में अपनी सक्रियता कम की किन्तु वे ज्यादा दिन ग्वालियर से दूर नहीं रह पाये । अब वे फिर सक्रिय हैं और पूरी तरह सक्रिय हैं। सिंधिया की छाया से अकेले भारत सिंह कुशवाह ही परेशान नहीं है अपितु कांग्रेस के राज्य सभा सदस्य अशोक सिंह भी दुखी है। वे सिंधिया की वजह से ग्वालियर में अपनी सांसद निधि से ऐसा कोई काम हाथ में नहीं ले पाए जोउन्हें एक साँसद के तौर पर पहचान दिला दे। अशोक सिंह के पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह और पितामह डोंगर सिंह कक्का सिंधिया परिवार के विरोधी रहे, लेकिन बाद में अशोक सिंह ने हथियार डाल दिए और 2007, 2009, 2014 और 2019 में ग्वालियर से सभा का चुनाव ग्वालियर सीट से लड़ा जरूर किन्तु सिंधिया ने न उन्हें चुनाव जिताया और न जीतने दिया। अशोक सिंह कांग्रेस में दिग्विजय सिंह खेमे से आते हैं।

अब देखना ये है कि सिंधिया की छत्र छाया से ग्वालियर के भाजपा साँसद भारत सिंह कुशवाह और कांग्रेस के राज्य सभा सांसद अशोक सिंह कितने दिन तक बचे रह सकते हैं ? इन दोनों में सिंधिया का मुकाबला करने की क्षमता हालांकि है नहीं। फिर भी समय किसने देखा है। वैसे भी सिंधिया के पास झंडावरदारी के लिए उनकी अपंनी पुरानी कांग्रेसियों की टीम है ही, उसमें अब कुछ भाजपाई भी शामिल हो गए हैं।

राकेश अचल

संपादकीय

भारत में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों का खंडित होना कब रूकेगा?

भारत को संवैधानिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है। स्पष्ट है कि सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है अथार्त अपने धर्म के अनुसार जीवन जीने, पूजा-अर्चना करने की स्वतंत्रता है। वास्तव में यह एक सांस्कृतिक भावना है जहाँ हर धर्म, संप्रदाय और विचारधारा को उचित सम्मान मिलता है। यहाँ राम, रहीम, ईसा, बुद्ध और नानक सभी पूजे जाते हैं। यही विविधता भारत को विशिष्ट बनाती है। धर्मनिरपेक्षता केवल एक संवैधानिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा है,जो लोकतंत्र को मजबूत करती है, सभी को साथ लेकर समरस, शांतिपूर्ण, आत्मनिर्भर तथा प्रगतिशील भारत के निमार्ण के लिए सहयोग करने का संदेश देती है।

किन्तु इसका मतलब यह कदापि नहीं कि कोई भी व्यक्ति या समूह अपने धर्म के नाम पर देश के कानून का उल्लघंन कर सकता है, दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है, हिंसक गतिविधियों को अंजाम दे सकता है, दूसरे धर्म का मजाक उड़ा सकता है एवं अपमान कर सकता हैं, धार्मिक स्थलों को नुक्सान पहुंचा सकता है, किसी का जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन करा सकता है आदि। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि स्वतंत्रता के कई दशक गुजरने के बाबजूद भी धर्मनिरपेक्षता की मूल अवधारणा को कई बार चुनौती मिलती दिखाई देती है, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता कमजोर होती नजर आती है। कई बार विविध कारणों से धार्मिक भावनाओं को भड़का कर कुछ असामाजिक तत्व और देश में अमन, शांति, सौहार्द, सद्भावना, भाईचारे के माहौल से प्यार न करने वाले लोगों द्वारा समाज में तनाव और भेदभाव की स्थिति उत्पन्न की जाती रही है, सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुँचाया गया है।उदाहरण के लिए हैदराबाद, तेलंगाना (अक्टूबर 2024) के सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में देवी की मूर्ति को खंडित किया गया,शमशाबाद, तेलंगाना (नवंबर 2024) में हनुमान मंदिर में नवग्रह मूर्तियों को तोड़ा गया। ?अप्रैल 2025 में, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कटोरा गांव में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्तियों के खंडित होने की घटना सामने आई है। क्या इन घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना मात्र उपाय है? इतिहास में विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा लूट और आंतक के उद्देश्य, विशिष्ट धर्म के प्रचार प्रसार के लिए ऐसा करना समझ में आता है किन्तु आज के स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में ऐसी घटनाओं के लिए कोई स्थान कैसे हो सकता है? क्या यह धार्मिक कट्टरपंथियों की गलत सोच का परिणाम है?या फिर ऐसा करने वाले व्यक्ति के मानसिक दिवालियापन का नतीजा है?या फिर विदिशी ताकतों द्वारा देश के सौहार्द को समाप्त करने की सोची समझी रणनीति का नतीजा है?या फिर धर्म विशेष के लोगों द्वारा क्षेत्र विशेष में डरा धमकाकर अपने प्रभाव को बढ़ाने का एक हथकंडा है?या फिर देश की गंगा-यमुना तहजीब को नुक्सान पहुंचाने की कोशिश है या फिर विविध धर्मों के अनुयायियों को आपस में लड़ाकर देश को आगे बढ़ने से रोकने की साजिश है?

कारण कुछ भी हो देश की प्रगति के लिए, सामाजिक सौहार्द के लिए इस तरह के कृत्यों को कभी भी अच्छा नहीं कहा जा सकता।केवल कानून या प्रशासन से इन समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं निकल सकता जब तक समाज स्वयं जागरूक, जिम्मेदार, संवेदनशील होकर सभी धर्मों और उनके धर्म स्थलों को आदर और सम्मान देना नहीं सीखता है।

डा मनमोहन प्रकाश

तंत्रमंत्र से करोड़पति बनाने का झांसा देकर यौन शोषण का षडयंत्र!

उत्तरप्रदेश के संभल में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसके बारे में सुनकर लोगों के होश उड़ गए। एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य धन वर्षा के नाम पर लड़कियों के साथ गंदी हरकतें करते थे। जिनके पास से करीब 200 लड़कियों के अश्लील वीडियो भी मिले है।

संभल में धनवर्षा के नाम पर गिरोह के पास से पुलिस जांच में 200 से अधिक लड़कियों के अश्लील वीडियो के साथ-साथ कई और भी चीजें मिली हैं जिससे इनके अपराधों का खुलासा हुआ है।ये गिरोह गरीब परिवारों को धनवर्षा के नाम पर फंसाते थे। गिरोह के सदस्य धनवर्षा कराने के नाम पर लोगों को ठगने की योजना बनाते थे। वे गरीब परिवारों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनकी बेटी में कोई विशेष शक्ति है जिससे तांत्रिक क्रिया करने पर घर में अपार धनवर्षा हो सकती है। इसके लिए किसी दुर्लभ वस्तु जैसे 20 नख वाला कछुआ, दो मुंहा सांप, उल्लू या विशेष नंबर के नोट पर अनुष्ठान करने की बात कही जाती थी।

परिवार को इस लालच में फंसाकर उनकी बेटियों को तांत्रिक क्रिया के लिए तैयार किया जाता था। इस दौरान घर के अन्य सदस्यों को बाहर भेज दिया जाता था, और अनुष्ठान के नाम पर लड़कियों के साथ गंदा खेल खेला जाता था। गिरोह में तीन कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था। कारीगर, मीडिया और आर्टिकल। इस गैंग में दो टीम होती थीं। लोगों को गुमराह वाली टीम को मीडिया कहा जाता था। तंत्र-मंत्र करने वालों कारीगर कहे जाते थे। लड़के, लड़कियों और महिलाओं को आर्टिकल कहा जाता था।

गिरोह के ठग तंत्र क्रिया के दौरान लड़कियों के शरीर का पहले पूजन करते थे और फिर कथित अनुष्ठान शुरू किया जाता था। इस दौरान पीड़ित लड़कियों को क्या किया जाता था, इसकी कोई जानकारी नहीं रहती थी, क्योंकि पूरी प्रक्रिया को गुपचुप तरीके से रिकॉर्ड किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि इन वीडियो को अवैध वेबसाइटों पर बेचा जाता था। लड़कियों के परिवारों को इस बात की भनक तक नहीं लगती थी कि उनकी मासूम बेटियों को किस घिनौनी साजिश का शिकार बनाया जा रहा है

जानकारी के अनुसार धनवर्षा गिरोह गरीब लड़कियों के परिवारों को झांसे में लेकर तंत्र क्रिया करता था। तंत्र क्रिया के दौरान परिवार के लोगों को बाहर कर दिया जाता था और तंत्र क्रिया के दौरान लड़कियों के प्राइवेट पार्ट की पहले पूजा की जाती थी, फिर तंत्र क्रिया शुरू होती थी। तंत्र क्रिया के बाद लड़कियों के साथ क्या होता था, उन्हें खुद भी नहीं पता है। सामने आया है कि उनके वीडियो बना लिए जाते थे। फिर इन वीडियो को पोर्न साइट पर बेचा जाता था। गिरोह तंत्र क्रिया से धनवर्षा का झांसा देकर गरीब लड़के-लड़कियों की तस्करी कर यौन शोषण करता था और दुर्लभ वन्य जीवों की अवैध तस्करी में भी शामिल था। गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान में फैला हुआ था। पुलिस ने आगरा से गिरोह के 14 आरोपियों को पकड़ा है।

गिरोह से पुलिस ने मोबाइल फोन, तांत्रिक विधाओं में प्रयुक्त सामग्री, दुर्लभ कछुआ और अवैध हथियार बरामद किए हैं। गिरोह का खुलासा तब हुआ जब राजपाल नामक युवक के अपहरण और तंत्र क्रिया कर उसे मारने के प्रयास की सूचना थाना धनारी पुलिस को मिली। गिरोह लोगों को नकदी की बारिश कराने का लालच देता है। गिरोह के सदस्य गरीब परिवारों को यह कहकर फंसाते थे कि उनकी लड़की विशेष गुणों वाली है और उसके ऊपर तांत्रिक क्रिया करने से धन की बारिश होगी। इसके बाद लड़कियों के साथ गंदा खेल करते थे।

तंत्र-मंत्र के नाम पर यह गिरोह सिर्फ लड़कियों का शोषण ही नहीं करता था बल्कि यह वन्य जीवों की अवैध तस्करी में भी शामिल था। इस गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों तक फैला हुआ था। कई जिलों में इस गिरोह का नेटवर्क बहुत तेजी से फैल रहा थापुलिस ने इस गिरोह के पास से मोबाइल फोन, तांत्रिक क्रिया में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री, दुर्लभ प्रजाति के कछुए और अवैध हथियार बरामद किए हैं। गिरोह के मोबाइल फोन में 200 से अधिक अश्लील वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली हैं, जिनसे इनके घिनौने कृत्यों का खुलासा हुआ है।

एक पीडित युवक राजपाल की शिकायत पर संभल पुलिस ने अजय, संतोष और दुर्जन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनके मोबाइल खंगाले तो सभी हैरान रह गए।मोबाइल में तमाम लड़कियों के न्यूड फोटो-वीडियो मिले। एक प्रोफार्मा भी था, जिसमें लड़कियों-लड़कों से उनकी हाइट से लेकर प्राइवेट पार्ट तक की जानकारी भरवाई गई थी। पुलिस ने 14 आरोपियों को अरेस्ट कर धनवर्षा तंत्र क्रिया गिरोह का खुलासा किया।

ये लोग तंत्र क्रिया तो करते थे, क्योंकि इन लोगों के फोन से कई ऐसे वीडियो मिले हैं, जिनमें ये लोग तंत्र-मंत्र करते दिख रहे हैं। जो स्टेशन मास्टर रघुवीर सिंह है, वो तो सूखे नारियल पर बैठकर पूरा लट्टू की तरह घूम जाता था। जो आरोपी पुलिस ने पकड़े हैं, उनमें से 3 तांत्रिक बनने की राह पर थे। वो लोग तंत्र क्रिया करते थे, ऐसा उन लोगों ने खुद बोला है।इनके फोन पर हमें कुछ आपत्तिजनक फोटो-वीडियो मिले हैं। जिनमें कुछ लड़कियां बेहोशी की हालत में जमीन पर न्यूड लेटी हुई हैं। पास में तंत्र-मंत्र का सामान भी रखा है। कई वीडियो में तो उनके साथ रिलेशन तक बनाया गया है।आशंका है कि लड़कियों के वीडियो पोर्न साइट पर बेचे जाते थे। या फिर तंत्र क्रिया के नाम पर इन लड़कियों के साथ फिजिकल रिलेशन बनाते थे। लेकिन एक बात तय है, ये लोग तांत्रिक क्रिया करते थे।

इनका मेन टारगेट लड़कियां ही होती थीं। इनके पास से कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली हैं। इसके अलावा हमें एक ऑडियो भी मिला है। जिसमें किसी बनारस वाले गुरु का जिक्र हो रहा है। ऑडियो में कहा जा रहा है, बनारस के गुरु को लेकर आओ, अभी उसने 3-4 दिन पहले बहुत बढ़िया काम करके दिया है।

आपको बता दें कि अभी 200 से ज्यादा वीडियो मिल चुके हैं। कुछ लोगों ने तो अपना फोन क्लीन कर दिया था, नहीं तो वीडियो की संख्या और ज्यादा होती। सिर्फ इस साल के 50 से ज्यादा वीडियो हैं।

जांच में पता चला है कि यह गिरोह पिछले 7-8 वर्षों से सक्रिय था और इस दौरान सैकड़ों मासूम लड़कियों और गरीब परिवारों को अपनी साजिश का शिकार बना चुका था। फिलहाल पुलिस गिरोह के 14 लोगों को पकड़ा गया है। मामला अंधविश्वास और लालच का एक घिनौना खेल है, जिसमें निर्दोष लड़कियों को फंसाकर उनका शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। पीड़ित लड़कियों की जानकारी की जा रही है। अभी तक सिर्फ एक पीड़ित सामने आई है। हम लोगों को शक है कि ये नेटवर्क बड़े स्तर पर चल रहा है। लेकिन कैसे चल रहा है, ये पता लगाना है। इन सभी आरोपियों पर ऑर्गनाइज क्राइम, मानव तस्करी, यौन शोषण और वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस केस में किसी लड़की की मौत हुई है या नहीं, इसकी पुलिस टीम जांच कर रही है।

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0= 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

धर्म, आस्था और विश्वास के केंद्र बिंदु मां कामाख्या धाम पन्ही में हो रही अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा

आचार्य सुरेंद्र जी महाराज के मुखारविंदु से बह रही भक्ति की रसधार

शुकुल बाजार अमेठी। विकासखंड शुक्ल बाजार के अंतिम छोर पर बसी मां कामाख्या धाम पन्ही में कथावाचक आचार्य सुरेंद्र जी महाराज के मुखारविंद से भक्ति की रसधार बह रही है और भक्त उसमें डुबकी लगा रहे हैं। जी हां मां कामाख्या धाम क्षेत्र में धर्म, आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु माना जाता है, आचार्य सुरेंद्र जी महाराज ने बताया कि इस धाम की महिमा अपरंपार है यहां आने वाले भक्तों के सभी मुरादे पूरी होती हैं। आदिकाल से भक्त यहां पर आते हैं और मां कामाख्या का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, तथा मनवांछित फल प्राप्त करते हैं, अत्यंत रमणीक स्थान आदि गंगा गोमती नदी के तट पर बसे इस धाम की महिमा अपरंपार है क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने भी मां कामाख्या धाम के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी ।मां कामाख्या धाम पर पीपी के पुल के निर्माण से इस पार और उस पार के लोगों का विकास हो रहा है ,लोगों को आवागमन में सहूलियत हो रही है हजारों की संख्या में लोग पीपी के पुल का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही साथ सौंदर्यीकरण का भी कार्य किया जा रहा है, इसी धाम पर आचार्य सुरेंद्र जी महाराज द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जहां भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन आचार्य सुरेंद्र जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। 30 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 तक चलने वाली इस अमृतमई कथा में आसपास के कई गांव के हजारों भक्तगण शामिल हो रहे हैं। आचार्य सुरेंद्र जी महाराज ने बताया कि 6 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कथा के चौथे दिन महाराज सतीश दास जी, पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, भाजपा नेता प्रशांत मिश्रा सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे तथा अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया एवं व्यास पीठ से आचार्य सुरेंद्र जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नर सेवा, नारायण सेवा विधायक सुरेश पासी ने की जनसुनवाई

विधायक की जनसुनवाई से विधानसभा वासियों को समस्याओं से मिल रही निजात

शुकुल बाजार अमेठी। 184 जगदीशपुर विधानसभा से विधायक एवं भाजपा प्रदेश मंत्री सुरेश पासी ने विधायक आवास जगदीशपुर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान विधानसभा के कोने-कोने से सैकड़ो की संख्या में लोग अपनी समस्या लेकर विधायक आवास पर आए ।सर्वप्रथम विधायक सुरेश पासी ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल फोन करके जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया। तदोपरांत मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्रथम प्राथमिकता है, जनता ने जिस उम्मीद के साथ मुझे दोबारा सेवा का मौका दिया है जनता की उम्मीद पर शत् प्रतिशत खरा उतरने का कार्य कर रहा हूं। उन्होंने कहा एक तरफ तो जगदीशपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास करते हुए पूरे प्रदेश में जगदीशपुर विधानसभा को नंबर एक पर लाने का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ विधानसभा की जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। वही विधानसभा के कोने-कोने से आए हुए फरियादियों ने बताया कि विधायक द्वारा विधायक आवास पर हम सभी की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है, जिसके चलते जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है तथा इधर-उधर भटकने से भी निजात मिलती है।

अकबरपुर में एडीजी जोन आलोक सिंह ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

कानपुर। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत जनपद कानपुर देहात कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र अलविदा मस्जिद का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में भ्रमण कर आम जनमानस से वार्ता कर जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने में स्थानीय पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण रहते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी करें। इस दौरान डीएम कानपुर देहात, एसपी कानपुर देहात व अन्य पुलिसजन मौजूद रहे।

गो आश्रय स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नवीन गौशालाओं के निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको हैंड ओवर लेकर गोवंशों को संरक्षित कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से जनपद में संचालित सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहार, भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही वहां पर गर्मी के दृष्टिगत गोवंशों हेतु पीने का स्वच्छ पानी एवं छांव की उचित व्यवस्था रहे जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनने की व्यवस्था है वहां पर अतिरिक्त शेड बनाया जाए। जिन गोशालाओं में जल भराव की समस्या है वहां पर पहले से ही वाटरलागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंशों की सुपुर्दगी के संबंध में जानकारी ली तथा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार गोवंशों को सुपुर्दगी योजना के तहत गायों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप लोग क्षेत्र में भ्रमण करें तथा जो भी गोवंश बाहर घूमते मिले उन्हें नजदीकी गौशाला में संरक्षित कराएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि गौशालाओं में भूसा दान देने हेतु किसानों से अपील करें तथा विशेष प्रयास कर अधिक से अधिक किसानों से गौशालाओं में भूसा दान कराएं। बैठक में उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि वह अपने गोवंशों को ना छोड़े, यदि कोई गोवंश छोड़ने पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। पशु चिकित्सकों को नियमित गौशालाओं में जाकर बीमार गोवंशों की देखभाल व चिकित्सीय उपचार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में रजिस्टरों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जो भी अधिकारी गौशालाओं का निरीक्षण करने जाएं वह उसमें निरीक्षण टिप्पणी अवश्य अंकित करें एवं जो भी कमियां हैं उसका सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर माननीय

मुख्यमंत्री जी एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

शार्ट सर्किट से गेहूं की 15 बीघा फसल जलकर राख

● ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया

